कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग (छ.ग.)
सिविल लाईन, गौरव –पथ, न्याय सदन, दुर्ग
Phone- (0788) 2330618, E-mail dlsa.durg@gmail.com

0–:: संशोधित सूचना ::–0

क्रमांक – 9 /LADCS/जि.वि.से.प्रा./2024 दुर्ग, दिनांक : 08/02/2025

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई–दिल्ली तथा छ0ग0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय के क्रियान्वयन किये जाने हेतु लीगल एड डिफेंस कौंसिल में स्टाफ की नियुक्ति (संविदात्मक) एक वर्ष की अवधि हेतु अर्हता प्राप्त भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित पदों पर आवेदन आमंत्रित किये गये थे :–

क्रमांक	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या
1	Office Assistants/Clerks कार्यालय सहायक/क्लर्क	02
2	Office Peon (Munshi/Attendant) कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट)	02

उक्त संबंध में कार्यालय सहायक/क्लर्क पद हेतु कौशल परीक्षा **दिनांक 10.02.2025 को सभागार, जिला न्यायालय दुर्ग में** दो पाली में आयोजित किया गया है। जिसमें से **प्रथम पाली की कौशल परीक्षा प्रातः 08:45 से 09:45 बजे तक** तथा **द्वितीय पाली की कौशल परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक** आयोजित की गई है।

दो पाली में आयोजित कौशल परीक्षा संबंधी दिनांक 30.01.2025 को जारी सूचना व कौशल परीक्षा में प्रथम पाली हेतू आहूत आवेदकों की सूची के सम्मुख कौशल परीक्षा की तिथि दिनांक 10.02.2025 स्थान–सभागार जिला न्यायालय दुर्ग तथा समय प्रातः 08:45 से 9:45 बजे तक उल्लेखित किया गया है तथा द्वितीय पाली हेतू आहूत आवेदकों की सूची के सम्मुख कौशल परीक्षा की तिथि दिनांक 10.02.2025 स्थान–सभागार जिला न्यायालय दुर्ग तथा समय प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक उल्लेखित किया गया है किंतु दोनों पाली में कौशल परीक्षा हेतु आहूत आवेदकों के लिये जारी प्रवेश पत्र में त्रुटिवश प्रथम पाली हेतु परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने का समय प्रातः 08:45 बजे तथा परीक्षा प्रारंभ होने का समय प्रातः 09:45 बजे

इसी प्रकार द्वितीय पाली हेतु परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने का समय प्रातः 10:00 बजे तथा परीक्षा प्रारंभ होने का समय प्रातः 11:00 वजे अंकित हो गया है।

चूंकि प्रथम पाली की कौशल परीक्षा प्रातः 08:45 वजे से तथा द्वितीय पाली की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ की जानी है। कौशल परीक्षा हेतु आने वाले समस्त आवेदकों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय में संशोधन संबंधी उक्त सूचना जारी की जा रही है। पूर्व में जारी सूची अनुसार **प्रथम पाली की कौशल परीक्षा हेतु आहूत आवेदक प्रातः 08:15 तक तथा द्वितीय पाली की कौशल परीक्षा हेतू आहूत आवेदक प्रातः 09:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश पत्र व प्रवेश पत्र में उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होवें।**

अध्यक्ष
स्टाफ चयन समिति,
लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय
दुर्ग (छ0ग0)

स्थान – दुर्ग
दिनांक– 08/02/2025

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग (छ.ग.)